दिनांक: 20.04.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महिलाओं से आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया–शेखावाटी क्षेत्र के दौरे के दूसरे दिन आज कई जनसभाओं को सम्बोधित किया।
- भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा– देश का विदेशी मुद्रा बाजार पिछले चार वर्षों में लगभग दोगुना हुआ।
- सिविल सेवा दिवस कल –जयपुर में राज्य स्तरीय समारोह में श्रेष्ठ कार्य करने वाले सिविल सेवकों को पुरस्कृत किया जाएगा।
- कोटा में आज से अंडर–20 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता की शुरूआत हुई–तीन दिन चलने वाली प्रतियोगिता में देशभर के 800 से अधिक पहलवान शामिल।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महिलाओं से आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि महिलाएं सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाकर घर से ही आजीविका चला सकती है। श्री शर्मा ने आज अपने शेखावाटी क्षेत्र के दौरे के दूसरे दिन उदयपुरवाटी के गुढ़ा मोड पर आयोजित जनसभा में ये बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए लगातार काम कर रही है।

.....................

मुख्यमंत्री ने झुन्झुनू टोल प्लाजा पर भी जनसभा की। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य के सभी क्षेत्रों में पानी पहुंचाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

..................

मुख्यमंत्री ने मुकुन्दगढ़ के राजकीय कन्या महाविद्यालय और चिड़ावा बाईपास पर सभा सहित कई जनसभाओं को सम्बोधित किया। उन्होंने सीकर जिले के फतेहपुर में चित्रकूट बालाजी महाराज और लक्ष्मीनाथ मन्दिर के दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली की प्रार्थना की। श्री शर्मा ने झुन्झुनू सर्किट हाउस में जनसुनवाई भी की। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का कल अपने दौरे के तीसरे दिन पिलानी में यमुना जल समझौते की समीक्षा बैठक लेगें।

000

देश के विदेशी मुद्रा बाजार में पिछले चार वर्षों में मजबूत वृद्धि देखी गई है। यह वर्ष 2020 के 32 अरब डॉलर से लगभग दोगुना होकर 2024 में 60 अरब डॉलर हो गया है। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बाली में आयोजित एक सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में भारत के वित्तीय बाजार अधिक गतिशील और लचीले हो गए हैं। ओवरनाइट मनी मार्केट में भी विस्तार हुआ है और इसका दैनिक कारोबार 2020 के लगभग 3 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2024 में 5 दशमलव चालीस लाख करोड़ रुपये से अधिक का हो चुका था।

000

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कल सिरोही जिले के आबूरोड स्थित ब्रह्माकुमारीज़ मुख्यालय शांतिवन आएंगे। वे डायमंड हाल में सुरक्षा सेवा प्रभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सेना के जवानों के लिए

राष्ट्रीय सेल्फ एम्पॉवरमेंट कैंपेन की शुरूआत करेंगे। इस कैंपेन के तहत देशभर में सेना की 40 डिविजन और 14 कोर में सेल्फ एम्पॉवरमेंट वर्कशॉप, सेमीनार आयोजित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य जवानों का आंतरिक, मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक सशक्तिकरण करना है।
इसके साथ ही रक्षा मंत्री प्रभाग प्रभाग की ओर से आयोजित आयोजित पांच दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह में भी भाग लेंगे। उल्लेखनीय है कि इस सम्मेलन का उद्घाटन गृहमंत्री अमित शाह ने किया था।

000

अमरीका के उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड वैंस कल भारत की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचेंगे। उनके साथ पत्नी ऊषा वैंस और अमरीका के कई वरिष्ठ अधिकारी भी होंगे। उपराष्ट्रपति वैंस की यह पहली भारत यात्रा है। वे कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेंगे। उपराष्ट्रपति और उनके प्रतिनिधिमंडल के दिल्ली में अन्य कई कार्यक्रम भी होंगे और अमरीका वापस लौटने से पहले उनका जयपुर और आगरा जाने का भी कार्यक्रम है। तीन दिवसीय जयपुर प्रवास के दौरान श्री वेंस आमेर महल का दौरा करेंगे और राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में होने वाली बिजनेस समिट को भी संबोधित करेंगे। अमेरिकी उपराष्ट्रपति की जयपुर यात्रा को देखते हुए सुरक्षा सहित सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

000

.................

000

सिविल सेवा दिवस कल मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में लोक सेवकों को संबोधित करेंगे। श्री मोदी लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए 16 प्रधानमंत्री पुरस्कार भी प्रदान करेंगे। यह पुरस्कार जिलों के समग्र विकास, आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम और नवाचार की श्रेणियों में दिए जाएंगे। इधर, प्रदेश में सिविल सेवा दिवस के अवसर पर **राजस्थान सम्पर्क पुरस्कार** की शुरूआत की जा रही है। इसका उद्देश्य राज्य सरकार के सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध और प्रभावी समाधान में अग्रणी रहने वाले अधिकारियों और विभागों को पहचान देना है। जयपुर में कल होने वाले समारोह में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ये पुरस्कार प्रदान करेंगे। लोक सेवा दिवस के उपलक्ष में जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आज से विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं की शुरूआत हुई।

000

अजमेर में आज नवनिर्मित जिला न्यायालय परिसर का लोकापर्ण किया गया। राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश महेंद्र मोहन श्रीवास्तव ने इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि निष्पक्ष, स्वतंत्र और निर्भीक न्यायिक व्यवस्था किसी भी आधुनिक और विकसित समाज के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ये भवन तकनीकी दृष्टि से उन्नत, पर्यावरण के अनुकूल और मानवतावादी मूल्यों को समर्पित है। इससे लोगों को काफी सुविधा होगी। न्यायाधीश इंद्रजीत सिंह और महेंद्र कुमार गोयल भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

000

केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने आज फलौदी जिला कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में केंद्रीय मंत्री ने केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं तथा विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। श्री शेखावत ने गर्मी के मौसम और नहरबंदी को ध्यान में रखते हुए आमजन को पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने को भी कहा।

000

कोटा में आज अंडर–20 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता की शुरूआत हुई। राजस्थान राज्य कुश्ती संघ की ओर से आयोजित तीन दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेलों से न सिर्फ खिलाड़ियों बल्कि आम लोगों को भी नया दृष्टिकोण मिलता है। श्री बिरला ने लोगों को किसी भी परिस्थिति में अपने लक्ष्य के लिए लगातार काम करते रहने की अपील की।

.................

लोकसभा अध्यक्ष ने प्रतियोगिता में भाग ले रहे खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनसे राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का गौरव बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम को राजस्थान राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष राजीव दत्ता ने भी सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि 60 वर्ष की उम्र पूरी कर चुके पूर्व राजस्थान केसरी पहलवानों को कुश्ती संघ की ओर से हर महीने 10 हजार रूपये दिये जायेंगे। इस प्रतियोगिता में

देश के 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 800 से अधिक पहलवान भाग ले रहे हैं। इनमें से चुने हुए श्रेष्ठ पहलवानों को भारतीय टीम के लिए ट्रायल देने का मौका मिलेगा। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। प्रतियोगिता के दूसरे दिन कल महिला कुश्ती मुकाबले होगें।

000

प्रदेश में कई स्थानों पर आज से संडेज ऑन साईकिल अभियान की शुरूआत हुई। केन्द्र सरकार के **फिट इंडिया मूवमेंट** के तहत ये अभियान चलाया जा रहा है। अजमेर में आज 80 से अधिक लोग साईकिल पर सवार होकर निकले। अजमेर के जिला युवा अधिकारी जयेश मीना ने बताया कि यह फिट इंडिया साइकिलिंग ड्राइव आनासागर चौपाटी से रीजनल कॉलेज तिराहे होकर वापस चौपाटी पहुंची। सवाईमाधोपुर में भी संडेज ऑन साइकिल अभियान की शुरूआत हुई।

................

000

देशभर में आज ईस्टर पर्व मनाया जा रहा है। ऐसी मान्यता है कि गुड फ्राइडे पर ईसा मसीह को सलीब पर चढ़ाए जाने के बाद आज ही के दिन उनका पुनर्जन्म हुआ था। इस अवसर पर गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाएं की जा रही हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईस्टर को आशा और नएपन का प्रतीक बताते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

000

प्रदेश के कई स्थानों पर तेज हवा और आंधी के कारण तापमान में गिरावट आई है। हालांकि कुछ स्थानों पर लू का दौर जारी है। मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों में दिन और रात के तापमान में 1 से 6 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई। 44 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस के साथ कोटा सबसे गर्म रहा। जोधपुर और बीकानेर संभाग में आज कहीं–कहीं आंधी और तेज हवाएं चलने की संभावना है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार राज्य के ज्यादातर स्थानों पर अगले चार–पांच दिन मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

000